IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

CS (Main) Exam, 2020

URC–B–SOCY

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# SOCIOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर लगभग *150* शब्दों में एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में लिखिए :
Write short answers, with a sociological perspective, of the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* भारतीय समाज के अध्ययन में ए० आर० देसाई के दृष्टिकोण का विस्तृत उल्लेख कीजिए।
Elaborate A. R. Desai's perspective to the study of Indian society.

*(b)* ''औपनिवेशिक भारत में 'सती' प्रथा को समाप्त करना एक प्रमुख सामाजिक कुरीति (बुराई) का सर्वनाश करना था।'' टिप्पणी कीजिए।
"Banning practice of 'Sati' is attributed to annihilation of a major social evil in colonial India." Comment.

*(c)* आप इसका औचित्य कैसे स्थापित करेंगे कि ड्यूमों ने अपनी विचारधारा में जानबूझकर जो बल दिया है उससे भारतीय समाज का बौद्धिकतापूर्ण लेखा प्रत्युत्पन्न हुआ है?
How do you justify Dumont's deliberate stress on ideology that produced intellectualized account of Indian society?

*(d)* भारत में जनजातीय समुदायों से सम्बन्धित पारिभाषिक समस्याओं की व्याख्या कीजिए।
Explain the definitional problems concerning the tribal communities in India.

*(e)* ''धर्म-निरपेक्षता 20वीं शताब्दी के मानवतावादी आमूल परिवर्तनवाद का परिणाम था।'' इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।
"Secularism was an outcome of 20th century humanistic radicalism." Comment on this statement.

2. *(a)* ''भारतीय जाति व्यवस्था अद्वितीय है और भारत में समाजशास्त्र की वृद्धि के लिए दूषित रही है।'' आप इस विचार से किस सीमा तक सहमत हैं?
"Indian caste system is unique and has been unhealthy for the growth of sociology of India." How far do you agree with this view? 20

*(b)* व्हाइटहेड के दावे का विवेचन कीजिए कि जाति में वर्ग एवं औपनिवेशिक परस्पर-विरोध को विस्थापित करने की संभाव्यता है।
Discuss Whitehead's contention that caste has potential to displace class and colonial contradiction. 20

*(c)* ''भारतीय ग्रामीण समाज एक दलगत समाज है।'' विवेचना कीजिए।
"Indian rural society is a faction-ridden society." Discuss. 10

3. *(a)* भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत जनजातियों के पृथक्करण की औपनिवेशिक नीति का परीक्षण कीजिए।
Examine the colonial policy of segregation of tribes under the Government of India Act, 1935. 20



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

(b) कोरोना महामारी के संदर्भ में भारत में 'प्रवासी श्रमिकों' की गतिशीलता की विवेचना कीजिए।

Discuss the dynamics of 'migrant workers' in India in the context of Corona pandemic. 20

(c) आन्द्रे बेते ने 'भारत में मध्यम वर्ग' का औचित्य किस प्रकार स्थापित किया है?

How does Andre Beteille justify 'middle class in India'? 10

4. (a) भारत में वंशावली एवं वंशज के सम्बन्ध में संकल्पनात्मक मुद्दों का विवेचन कीजिए। उचित उदाहरण देकर समझाइए।

Discuss the conceptual issues about lineage and descent in India. Give suitable illustrations. 20

(b) भारत में परिवार के घरेलू आयामों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze household dimensions of family in India. 20

(c) भारत जैसे बहुधर्मी समाज में 'सांस्कृतिक बहुलवाद' पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on 'cultural pluralism' in multi-religious society like India. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर लगभग *150* शब्दों में एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में लिखिए :

Write short answers, with a sociological perspective, of the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत में कृषिक रूपान्तरण के लिए 'हरित रसायन' के लाभों को निर्दिष्ट कीजिए।

Point out the benefits of 'green chemistry' for agrarian transformation in India.

(b) समकालीन भारत में नागरिकता से सम्बन्धित मुद्दों का विश्लेषण कीजिए। उपयुक्त उदाहरण देकर समझाइए।

Analyze the issues related to the citizenship in contemporary India. Give suitable illustrations.

(c) भारत में चिरकालिक कुपोषण के परिणामों एवं इसको दूर करने के उपायों का वर्णन कीजिए।

Give an account of the consequences and remedies of chronic malnutrition in India.

(d) नयी शिक्षा नीति, 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में असमानताओं को दूर करने हेतु किस प्रकार से लक्षित है?

How does the New Education Policy, 2020 aim to eradicate disparities in the system of education in India?

(e) लोकतंत्रीय संघवाद से आप क्या समझते हैं? भारत में सत्ता के विकेन्द्रीकरण को यह किस प्रकार से बढ़ावा देता है?

What do you understand by democratic federalism? How does it promote decentralization of power in India?



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

6. (a) भारत जैसी मिश्रित अर्थव्यवस्था में विकास योजना बनाने सम्बन्धी मुख्य मुद्दों की विस्तार से विवेचना कीजिए।
Discuss in detail the main issues of development planning in mixed economy like India. 20

(b) आपके विचार से क्या कृषि उत्पाद के लिए एम० एस० पी० (न्यूनतम समर्थन मूल्य) योजना ग्रामीण विकास में सहायता कर सकती है? उचित उदाहरण देकर विस्तार से प्रतिक्रिया दीजिए।
Do you think MSP (Minimum Support Price) Scheme for agricultural produce can help in rural development? Elaborate your response with suitable examples. 20

(c) कौशल विकास योजना किस प्रकार से सामाजिक परिवर्तन को प्रेरित कर सकती है? उदाहरण देकर समझाइए।
How can skill development programme induce social change? Illustrate. 10

7. (a) भारत में नगरी बस्तियों की संवृद्धि के कारणों, परिणामों और अन्य चिन्ताओं का विस्तार से वर्णन कीजिए।
Elaborate the causes, consequences and other concerns of growth of urban settlements in India. 20

(b) भारत में जलवायु पर मानवजनित प्रभाव की प्रकृति एवं प्रसार का मूल्यांकन कीजिए और साथ ही इससे होने वाले पर्यावरणीय आन्दोलनों का विश्लेषण कीजिए।
Evaluate the nature and scope of anthropogenic influence on climate in India and also analyze the environmental movements arising out of it. 20

(c) क्या भारत में समकालीन किसान आन्दोलनों की कार्यप्रणाली में परिवर्तन आ रहा है? विवेचना कीजिए।
Are the contemporary farmers' movements in India changing their course? Discuss. 10

8. (a) औपनिवेशिक प्रशासकों ने परम्परावाद के निर्माण में सहायता की जिसने भारतीय समाज को 'पिछड़ा' इंगित किया। इस पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।
Colonial administrators helped to construct the very traditionalism which marked the Indian society as 'backward'. Comment critically. 20

(b) भारत की जनसंख्या नीति (2000) की मुख्य विशेषताएँ क्या थीं? इसके उद्देश्य किस सीमा तक प्राप्त हुए हैं?
What were the salient features of the India's Population Policy (2000)? How far its goals have been achieved? 20

(c) भारत में 'बालश्रम' के मुख्य कारणों को इंगित कीजिए। इसको दूर करने में राज्य नीतियाँ कहाँ तक सफल हुई हैं?
Point out the main causes of 'child labour' in India. How far the State policies have succeeded in its elimination? 10

* * *



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com